# अधिकारों की मांग के साथ गूंजा रोटी का सवाल

## रोज़ी-रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन

**जयपुर।** हम भारत के नागरिक हैं, हमें हमारे अधिकारों के साथ सम्मानपूर्वक जीवन का मौका देना सरकार का फर्ज है। ये कहना था कारवां-ए-मोहब्बत के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष मंदर का। वे रविवार को रोज़ी रोटी अधिकार अभियान के 8वें तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित खाद्य संप्रभुता और पोषण सुरक्षा में उभरते मुद्दे विषय पर आयोजित प्रथम सत्र में बोल रहे थे। हर्ष ने मॉब लिंचिंग के विभिन्न मामलों व सरकार की बुलडोजर कार्रवाईयों की चर्चा करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में हमारे पूर्वजों ने कल्पना की थी उसे आज तहस नहस किया जा रहा है। इसी सत्र में सामाजिक कार्यकर्ता बिराज पटनायक ने वल्र्ड ट्रेड के मुद्दों, किसानों की जमीनें कंपनियों को दिए जाने व एआई के प्रभाव पर बात की। उन्होंने कहा कि एआई का असर केवल कम्प्यूटर पर काम करने वाले लोगों पर ही नहीं, किसानों पर पड़ेगा।

- **सोमवार को जयपुर घोषणापत्र पारित कर होगा समापन**

**रोज़ी रोटी अधिकार अभियान के राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित खाद्य संप्रभुता और पोषण सुरक्षा में उभरते मुद्दे विषय पर आयोजित प्रथम सत्र में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।**

किसान आंदोलन से जुड़ी रहीं सामाजिक कार्यकर्ता नवशरण सिंह ने कहा कि आज भारत में छोटे किसानों के पास औसतन केवल 1.09 हैक्टेयर जोत है जिसमें से महिलाओं के पास महज़ 14 , दलितों के पास 11 व आदिवासियों के पास 8 जोत हैं। मजदूरी की दर लगातार नीचे जा रही है। सरकार छोटे किसानों से जमीने वापस ले रही है। इस सत्र में जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता अतुल सती ने उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के चलते आए संकट की चर्चा करते हुए देशभर में बिछाए जा रहे कंक्रीट के जंगल के नुकसान बताए तो मकाम की कार्यकर्ता लक्ष्मी गरासिया ने महिलाओं के हकों की बात की। ट्रांसजेंडर सामाजिक कार्यकर्ता संतोष ने समानता का असली मतलब काम को बताते हुए कहा कि हम लोगों को मन से मत लो, मन में लो। आदिवासियों के लिए काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता धर्मचंद ने लगातार उजाड़े जा रहे जंगलों और तकनीक के कारण आदिवासियों को राशन प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं की बात उठाई। सम्मेलन में हम क्या मांगें आजादी, भूखमरी से आजादी, बेरोजगारी से आजादी, कुपोषण से आजादी जैसे नारों से कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ मांगें दोहराईं। सम्मेलन का सोमवार को संकल्प व जयपुर घोषणापत्र के साथ समापन होगा।

शाम को भोजन का अधिकार सुनिश्चित करने में राजनीतिक दलों की भूमिका विषयक सत्र में राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस के चीफ व्हिप मो. रफीक खान ने कहा कि कांग्रेस ने यूपीए-1 व 2 सरकार के दौरान नरेगा, फोरेस्ट राइट एक्ट, लैंड एक्वीजिशन रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन एक्ट, शिक्षा का अधिकार व सूचना का अधिकार सहित अनेक कानून दिए। अब गरीब को हर बार साबित करना होता है कि वह भारतीय है।

मजदूर और गरीब के जीवन में बहुत संघर्ष है, रोज रोज विदेशी होने का अपमान और झेलना पड़ता है जिससे जीवन और मुश्किल हो जाता है। सीपीआई की राष्ट्रीय सचिव एनी राजा ने कहा कि सीपीआई हमेशा भोजन का अधिकार कानून के साथ है। पार्टी ने भोजन का अधिकार अभियान के मुद्दों को पार्टी का मुद्दा बनाया। सीपीआई (एम) की मैमूना मोला ने कहा कि भोजन का अधिकार इज्जत से जीने के अधिकार से जुड़ा है। केरल के खाद्य व नागरिक आपूर्ति मंत्री जी आर अनिल ने भोजन के अधिकार को मूलभूत अधिकार बताते हुए इसकी विसंगतियों को दूर करने की बात की। सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों ने एकमत होकर जल्दी सही जनगणना करवाने और संसद में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से इस लड़ाई को जारी रखने का आव्हान किया।

डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम पर आयोजित समानांतर सत्र में भोजन के अधिकार पर इस अधिनियम के निहितार्थों पर चर्चा की गई। डीपीडीपी अधिनियम की धारा 44(3) ने आरटीआई अधिनियम में संशोधन किया है, ताकि सभी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकटीकरण से छूट दी जा सके।

व्यक्तिगत जानकारी सहित बारीक जानकारी तक पहुँच भोजन के अधिकार सहित अपने अधिकारों और हकों तक पहुँचाने के लिए जरूरी है। आरटीआई अधिनियम में किए गए संशोधन ऐसे सार्वजनिक प्रकटीकरण पर बाधाएँ और प्रतिबंध लगाएंगे। सत्र में प्रस्ताव पारित किया गया कि डीपीडीपी अधिनियम को उसके वर्तमान स्वरूप में वापस लिया जाना चाहिए और हमारे मौलिक अधिकार को प्रतिबंधित करने के लिए आरटीआई अधिनियम में कोई संशोधन नहीं किया जाना चाहिए।

सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित समानांतर सत्रों में कमजोर व हाशिए पर जी रहे समूहों के सामने आने वाले भोजन के अधिकार के मुद्दों पर चर्चा की गई। दलित मुद्दों पर भंवर मेघवंशी, गृजेश दिनकर, सतीश कुमार और अशोक भारती, आदिवासी मुद्दों पर जेम्स हेरेंज और गंगाराम पैकरा, विकलांगों के मुद्दों पर प्रतीक व मुरलीधरन, अल्पसंख्यकों के मुद्दों पर हर्ष मंदर, कविता श्रीवास्तव व आयशा, डीनोटिफाइड जनजातियों के मुद्दों पर पारस बंजारा व नवीन, महिलाएं, ट्रांसजेंडर व सेक्स वर्कर्स के मुद्दों पर नीता, ट्रांस समूहों व सेक्स वर्कर समूहों के प्रतिनिधियों और बेघरों के मुद्दों पर शकीर, अशोक खंडेलवाल, रजनी, कोमल, अनवर, फिरोज़ व वासु ने विचार रखे। संसाधनों तक पहुंच, विस्थापन, आजीविका व आरटीएफ पर कैलाश मीना, लिंगराज आजाद, उल्का महाजन व मीरा संघमित्रा ने चर्चा की। समानांतर सत्र की अगली कड़ी में कृषि और भोजन का अधिकार, श्रम अधिकार व श्रम संहिता, काम का अधिकार व मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, खाद्य संस्कृतियां और खाद्य विविधता, भोजन के अधिकार पर डेटा संरक्षण अधिनियम के निहितार्थ, खाद्य सुरक्षा व्यावसायिक जोखिम: सिलिकोसिस, टीबी और पोषण व संसाधनों तक पहुंच पर विशेषज्ञों ने विचार रखे।

# बस स्टैंड पर लोगों की जेब काटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**सिंधी कैंप थाना पुलिस ने बस स्टैंड पर लोगों की जेब काटकर मोबाइल और पर्स चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।**

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर लोगों की जेब काटकर मोबाइल और पर्स चोरी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों बदमाशों के पास से चोरी किया गया मोबाइल और एक ब्लेड बरामद की है। इससे वारदात को अंजाम दिया जाता था। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड पर लोगों की जेब काटकर मोबाइल और पर्स चोरी करने वाले मोहम्मद इस्लाम (19) निवासी शास्त्री नगर जयपुर और देशराज (20) निवासी अजमेर हाल खानाबदोश चांदपोल जयपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया मोबाइल और वारदात में प्रयोग ली गई ब्लेड जब्त की गई।

गौरतलब है कि पीड़ित बंशीलाल शर्मा ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 22 मई को वह जयपुर से मंदसौर जाने के लिए सिंधी कैम्प बस स्टैंड आया था। बस स्टैंड के सामने स्टेशन रोड के बीच बने डिवाइडर पर बैठा था। जहां दो लड़के आए। इनमें से एक ने उसकी शर्ट की जेब में रखा मोबाइल निकाल भागने लगा।

इस पर पीड़ित ने उस युवक का पीछा करने का प्रयास किया। इसी दौरान वहीं पास में मौजूद दूसरे लड़के ने ब्लेड दिखा कर डराना शुरू किया। लोगों ने भी युवक को पकड़ने का प्रयास किया। आरोपी युवक ब्लेड मारने लगा। इससे सभी लोग पीछे हो गए। इसके बाद दोनों युवक मौके से भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपितो को चिन्हित करते हुए पकडा।

# सोशल मीडिया के जरिए लोगों को धमकी देने वाला इनामी बदमाश पकड़ा

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया के जरिए लोगों को धमकी देने वाले दस हजार रुपये के इनामी आरोपी बदमाश विष्णु सिंह उर्फ बल्लू राजपुरा (27) निवासी लोसल जिला सीकर को गिरफ्तार किया है। जो हथियारों के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहा था। पुलिस जानकारी में सामने आया कि पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश में गिरने से आरोपी का पैर टूट गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाने के वांछित बदमाश विष्णु सिंह उर्फ बल्लू राजपुरा को पकड़ा गया है, जो 10 हजार का वारंटी भी है। पिछले कई दिनों से आरोपी बार-बार सोशल मीडिया पर लाइव आकर लोगों को धमकी दे रहा था। इस पर पुलिस को सूचना मिली कि वह पिछले कई दिनों से हथियारों के साथ घूम रहा है। इस पर पुलिस टीम का गठन कर आरोपित को घेराबंदी कर पकड़ कर कब्जे से अवैध पिस्तौल जब्त की। पुलिस कस्टडी से आरोपी विष्णु सिंह ने भागने की कोशिश की,जहां कुछ दूरी पर भागते समय गिरने पर वह चोटिल हो गया। पुलिस ने तुरंत उसे इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। पैर में फ्रैक्चर होने पर हॉस्पिटल में भर्ती आरोपी विष्णु सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस उसके फरार साथियों की तलाश में दबिश दे रही है।

# शातिर महिला ठग अपने प्रेमी सहित गिरफ्तार

**जयपुर।** माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर महिला ठग को अपने प्रेमी सहित गिरफ्तार किया है और उनके पास से चुराई गई सोने की अंगूठी,सोने की लडी व डायमंड लगा कान का सोने का टाप्स सहित वारदात प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर महिला ठग शाहीदा उर्फ सलमा निवासी गुजरात और उसके प्रेमी हवाई सिंह निवासी दौलतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने चुराई गई सोने की अगूंठी,सोने की लडी व डायमंड लगा कान का सोने का टाप्स सहित वारदात प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन बरामद किया गया है।

गौरतलब है कि जंगजीत महादेव के पीछे नाहरगढ रोड चांदपोल बाजार निवासी 82 वर्षीय परसी देवी झालानी 17 मई को ताड़केश्वर मंदिर दर्शन करने गई थी। जहां दर्शन के बाद वह घर जाने लगी तो एक काले रंग की गाडी

में सवार होकर महिला आई। महिला के उतरते ही कार वापस चली। महिला उसके पास आकर रुकी। महिला ने उससे कहा कि सरकार वृद्ध महिलाओं को 10 हजार रुपए की पेंशन दे रही है। यह एक अच्छी योजना है आप मेरे साथ चलो। आपको भी पेंशन चालू करवा देती हूं। महिला की बातों में आकर दोनों एक रिक्शा में सवार हो गई। मोदी धर्मशाला के पास उतारकर महिला ठग बोली आपके गहने उतार कर मुझे दे तो कोई बदमाश ले जाएगा वरना। महिला की बातों में आकर उसने कान में पहनी सोने की लड़ी, डायमंड लगा कान का टॉप्स और एक सोने की अंगूठी उतारकर पर्स में रख दिया। रास्ते में चलने के दौरान मानसरोवर में महिला ने उसका ध्यान भटका कर गहनों से भरा पर्स पार कर वहां से चलती बनी। ठगी का अहसास होने पर पीडिता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई। इस पर परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों को पकडा है।

# एक साल से फरार वांछित आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक साल से फरार वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि एक साल से फरार वांछित आरोपित संजय उर्फ मर्गी निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।

# दो जिंदा कारतूस सहित एक बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** सिन्धी कैंप थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को पकड़ा है और उसके पास से दो जिंदा कारतूस जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सिन्धी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 22 वर्षीय हारून उर्फ शाहरुख उर्फ पौंडा निवासी भट्टा बस्ती गिरफ्तार कर उसके पास से दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपित के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस आरोपी से अवैध जिंदा कारतूस की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

**सिन्धी कैंप थाना पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ा है।**

# जेल में बंद अपने पति को चरस और मोबाइल पहुंचाने की कोशिश करने वाली महिला गिरफ्तार

**जयपुर।** जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल में बंद अपने पति को चरस और मोबाइल पहुंचाने की कोशिश करने वाली एक महिला को पकडा है और साथ ही उसके पास से 76.71 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस और मोबाइल भी जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी महिला से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जयपुर जेल में बंद अपने पति रफीक उर्फ बकरी को चरस और मोबाइल पहुंचाने की कोशिश करने वाली 35 वर्षीय हिना निवासी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार कर उसके पास से 76.71 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चरस और मोबाइल बरामद किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित महिला की ओर से इलाज के लिए जेल से बाहर आए अपने पति को जेल में नशे का व्यापार करने के लिए अवैध मादक पदार्थ चरस और जेल से लोगों को डराने-धमकाने के लिए मोबाइल फोन उपलब्ध करवाती है। पुलिस टीम की ओर से महिला से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

गौरतलब है कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वनस्थली चौराहा शिव मंदिर के पास एक महिला बैठी है। जो संदिग्ध दिख रही है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए महिला को पकडा और उसके पास से चरस और मोबाइल जब्त की गई। पूछताछ में सामने आया कि उसका पति रफीक जो जयपुर जेल में हत्या और लूट मामले में आजीवन कारावास से दंडित है। जो इलाज के लिए एसएमएस अस्पताल लाया गया। उससे मिलने सिद्धार्थ होटल जालूपुरा आने वाला है और उसे नशे के लिए चरस और मोबाइल फोन जेल से बात करने के लिए देने की फिराक में थी।

# नौकरी के बहाने बुलाकर किडनी निकलवाने की धमकी

**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में नौकरी के बहाने बुलाकर एक युवती पर किडनी निकलवाने के लिए दबाव बनाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाकर आरोपी ने बंदूक के दम पर कागजों पर अंगूठे के निशान लगवा लिए। विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट कर अश्लील हरकत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि वेस्ट बंगाल की रहने वाली युवती ने शिकायत में बताया कि महर्षि दधीचि सर्किल के पास एक व्यक्ति रहता है, जिसका मकान जानती हूं। 10 दिन पहले वह व्यक्ति नौकरी के नाम पर अपने घर ले गया। घर ले जाकर आरोपी ने उसे बंधक बनाकर रखा। उसके गिरोह के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट और छेड़छाड़ की। उसकी किडनी निकलवाने का दबाव बनाया गया। किडनी निकाल कर दूसरी जगह बेचने के लिए बात कही। विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट कर अश्लील हरकतें करने लगा।

# पुलिस ने जब्त किया अवैध हथियारों का जखीरा

- **सात पिस्टल मय 12 मैगजीन,एक देशी कट्टा सहित 33 कारतूस बरामद**
- **इनामी बाबा गैंग के कुख्यात अंतरराज्यीय हथियार तस्कर कुलदीप ठाकुर गिरफ्तार**

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले की शाहपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर ग्रामीण ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी बाबा गैंग के कुख्यात अंतरराज्यीय हथियार तस्कर कुलदीप ठाकुर को धर-दबोचा है और उसके पास से सात पिस्टल मय 12 मैगजीन,एक देशी कट्टा सहित 33 कारतूस बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण आनंद शर्मा ने बताया कि जिले की शाहपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर ग्रामीण ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी बाबा गैंग के कुख्यात अंतरराज्यीय हथियार तस्कर 29 वर्षीय कुलदीप ठाकुर निवासी महेन्द्रगढ हरियाणा हाल बिंदायका जयपुर हाल पंजाब को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि वह

हरियाणा की बाबा गैंग का सरगना है। उसके खिलाफ करीब डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपित कुलदीप ठाकुर अपने साथी प्रदीप सिंह शेखावत के साथ अवैध आधुनिक हथियार (ग्लोक व जिगाना पिस्टल ) लाकर बेचता रहा है। इसके साथी प्रदीप सिंह शेखावत से पूर्व में 03 पिस्टल मय 07 मैग्जीन बरामद किए गए थे। आरोपित कुलदीप ठाकुर की निशानेदही के आधार पर धानक्या जयपुर से 07 पिस्टल मय 12 मैग्जीन 25 कारतूस 32 एमएम के व 01 देशी कट्टा मय 08 कारतूस 315 बोर के किए बरामद किये गये है। साथ ही जिस गाडी से पूर्व में फरार हुआ था उस आई 20 कार को भी जब्त किया गया है। अब तक की पूछताछ के दौरान आरोपी के द्वारा 100 से अधिक अवैध हथियारों को मध्य प्रदेश के विभिन्न इलाकों से खरीद कर राजस्थान, हरियाणा, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश में बेचना जाहिर किया है। जिसके संबंध में आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस प्रकरण में पूर्व से गिरफ्तार प्रदीप सिंह शेखावत न्यायिक हिरासत में चल रहा है। गैंगस्टर कुलदीप ठाकुर ने मध्यप्रदेश के विभिन्न इलाकों से आधुनिक हथियार खरीद कर राजस्थान, हरियाणा, पंजाब व उत्तर प्रदेश में विभिन्न जगह बेचना कबूल किया है। गैंगस्टर के खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास, रंगदारी व अवैध हथियारों को लेकर डेढ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। मुल्जिम द्वारा जिन-जिन अपराधियों से अवैध हथियार प्राप्त किए गए थे और जिन-जिन अपराधियों को आगे विक्रय किए गए थे के बारे में जांच पड़ताल की जा रही है।

## सार-समाचार

# जरूरतमंद महिलाओं व बच्चियों को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किया

**जयपुर।** नृत्यम सोशल ऑर्गेनाइजेशन जयपुर और रेज कॉर्पोरेशन ने अनोखी पहल करते हुए रविवार को जरूरतमंद महिलाओं और बच्चियों को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना और हेल्थ हाइजीन के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अभियान में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और भामाशाहों के सहयोग से सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। नृत्यम सोशल ऑर्गेनाइजेशन जयपुर की निदेशक काजल सैनी ने बताया कि नृत्यम जयपुर और रेज कॉर्पोरेशन ने मिलकर एक सामाजिक पहल शुरू की है, जिसके तहत जरूरतमंद महिलाओं और बच्चियों को हर महीने मुफ्त सी विंग्स एनियन सैनिटरी पैड वितरित किए जा रहे है। इस कड़ी में पहला वितरण समारोह रविवार को जगतपुरा स्थित आश्रय वेलफेयर सोसाइटी में आयोजित किया गया। यह पहल न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करेगी,बल्कि समाज में स्वच्छता और जागरूकता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस दौरान मुख्य सहयोगी फाउंडर नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन नवरत्न सैनी, उपमहामंत्री अश्विनी लाखन सहित सहयोगियों में रेज कॉर्पोरेशन के भीम सिंह कासनिया, अनिल मूंड, अरविन्द सैनी, सत्यनारायण माली, सुनीता सैनी, डॉ अर्चना भार्गव और मुकेश सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सुनीता सैनी ने बताया कि इस संस्था की ओर से आगामी दिनों में जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर महिलाओं और किशोरियों को मुफ्त सैनिटरी पैड वितरित किए जाएंगे और मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे।

# टैक्सी चालक ने पांच लाख रुपये के सोने का हार वापस लौटाया

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में उबर टैक्सी चालक शिशुपाल सिंह सोलंकी की उबर टैक्सी संजू अग्रवाल के नाम से बुक कराई गई। राईड से रिचा अग्रवाल निर्माण नगर से महेश नगर के लिए रवाना हुई थी। महेश नगर उतरते समय गाडी में एक बैग भूल से छूट गया। जिसमें कीमती जेवरात सोने का हार कीमत करीब 5 लाख रुपये था। घर आने पर रिचा अग्रवाल के ध्यान में आया कि टैक्सी में बैग छूट गया है। जिन्होने टैक्सी चालक से मोबाइल पर संपर्क किया। टैक्सी चालक शिशुपाल सिंह ने इनसे इनके सामान का हुलिया पूछा और उसके आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर कार्यालय में उन्हे सामान सुपुर्द किया। शिशुपाल सिंह सोलंकी निवासी आगरा हाल प्रताप नगर जयपुर द्वारा अपने कार्य को ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से अंजाम देते हुए कीमती जेवरात को सुरक्षित उसकी मालिक रिचा अग्रवाल को वापिस लौटाने का सराहनीय एवं अनुकरणीय एवं प्रेरणादायक कार्य किया है।

# देवी सिंह नरूका जनसंपर्क पुरस्कार डॉ गोविंद पारीक को

**जयपुर।** माही संदेश काव्य-कलम कार्यक्रम के 27वें संस्करण का सरदार पटेल मार्ग स्थित "मालार्पण" में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनसंपर्क सेवा के क्षेत्र में प्रथम देवी सिंह नरुका जनसम्पर्क पुरस्कार डॉ. गोविंद पारीक को प्रदान किया गया। माही संदेश के संरक्षक सुधीर माथुर ने बताया कि साहित्य व कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रवीण नाहटा एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी राजेंद्र नैन ने अतिथि के रूप में शिरकत की। आगन्तुक रचनाकारों को माही संदेश के संरक्षक सुधीर माथुर, प्रधान संपादक रोहित कृष्ण नंदन व विख्यात चित्रकार चंद्रप्रकाश गुप्ता ने माही संदेश विंध्य कोकिल भैया लाल व्यास काव्य-कलम सम्मान से सम्मानित किया। स्पर्श वॉलिंटियर आकांक्षा जैन, काउंसलिंग साइक्लोजिस्ट वंदना बोथरा , प्राकृतिक खेती में उल्लेखनीय योगदान के लिए सुमेर सिंह राजावत, संगीत के क्षेत्र में वीणा मोदानी को माही संदेश- प्रेमा माथुर-प्रेरणा पुरस्कार प्रदान किया गया।

# भक्त से बड़ा कोई नहीं होता : सुनील शेट्टी

**जयपुर।** हाल ही में रिलीज हुई ऐतिहासिक फिल्म केसरी वीर के प्रमोशन के सिलसिले में फिल्म के मुख्य अभिनेता सुनील शेट्टी ने जयपुर में मीडिया से मुलाकात की। यह फिल्म 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर पर हुए आक्रमण की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें गुजरात के उन वीर योद्धाओं की कहानी को दर्शाया गया है, जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। फिल्म में सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिसमें विवेक ओबेरॉय ने नकारात्मक किरदार निभाया है। मिराज सिनेमा पहुँचने पर सुनील शेट्टी का ढोल बाजों से भव्य स्वागत किया गया। राजस्थान करणी सेना की ओर से उन्हें परम्परागत सम्मान देते हुए राजस्थानी तरीके से उनकी अगवानी की गई। राजस्थान करणी सेना के शिव सिंह ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# डेमो शिविर में जाना दवा मुक्त रख कर स्वस्थ जीवन कैसे जिएं

**जयपुर।** सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की और से जय क्लब में जय क्लब के सहयोग से एक डेमो शिविर का आयोजन किया गया। इस डेमो शिविर में जय क्लब के सदस्यों, फोटी के सदस्यों जैन समाज के जीतो संस्था के सदस्यों एवं उनके परिवारजन एवं गुलाबी नगरी के अन्य लोगों ने भाग लिया।